नई दिल्ली > शुक्रवार, 4 दिसंबर 2020 > मार्गशीर्ष 13 शक 1942 मार्गशीर्ष कृष्ण चतुर्थी विक्रम संवत 2077 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER वर्ष 74, संख्या 289 > पेज 20* > नोएडा > मूल्य 3.00 या 7.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

लॉटरी पर GST को कोर्ट ने बताया सही
देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स

प्रकाश बादल ने लौटाया पद्म विभूषण
देखें अंदर

जेवर में 5 रनवे का एयरपोर्ट बनाने पर शासन की मुहर

अब कैबिनेट से प्रस्ताव पास होने के बाद शुरू होगा काम

■ **विस, ग्रेनो :** जेवर में 5 रनवे का एयरपोर्ट बनाने की रिपोर्ट पर गुरुवार को लखनऊ में हुई प्रॉजेक्ट मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमिटी (पीएमआईसी) की बैठक में मुहर लग गई। पहले चरण में दो रनवे के लिए पहले ही ज्यूरिख को निर्माण की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने इसे ऐतिहासिक पल बताया है।

लखनऊ में गुरुवार को हुई बैठक में इस रिपोर्ट पर चर्चा हुई और मुहर लगा दी गई। अब कैबिनेट से हरी झंडी दिलाने का काम होगा। टीईएफआर की रिपोर्ट सलाहकार कंपनी पीडब्ल्यूसी ने बनाई थी। लखनऊ में गुरुवार को मुख्य सचिव आरके तिवारी की अध्यक्षता में पीएमआईसी की बैठक में यह रिपोर्ट रखी गई। बैठक के दौरान नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह और एयरपोर्ट के नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया ने भी रिपोर्ट को लेकर महत्वपूर्ण तथ्यों से शासन के अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में सहमति बन गई है कि अब इसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। पूरी परियोजना करीब पांच हजार हेक्टेयर जमीन पर बनेगी। पहले चरण के लिए 1334 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो चुका है।